महाविद्यालय स्तरीय परीक्षा

# विषय : गाय धर्म और विज्ञान

## महाविद्यालय स्तर

## सत्र 2025-26

## सेट– A

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय : 2 घंटे**

**अधिकतम अंक : 100**

---

**1. ब्रह्मा जी के किस मानस पुत्र के मुख से सुरभि गौ का प्राकट्य हुआ माना जाता है ?**
(अ) भृगु ऋषि (ब) प्रजापति दक्ष (स) नारद मुनि (द) वशिष्ठ मुनि।

**2. ऋग्वेद में 'अघन्या' शब्द किस पशु के लिए प्रयुक्त किया गया है ?**
(अ) घोड़ा (ब) हाथी (स) ऊँट (द) गाय।

**3. समुद्र मंथन के दौरान 'नंदिनी' गौ को किन ऋषियों को प्रदान किया गया था ?**
(अ) सप्तऋषियों को (ब) देवराज इंद्र को
(स) दैत्यराज बलि को (द) वरुण देव को।

**4. पद्म पुराण के अनुसार गाय के खुरों के मध्य भाग में किसका निवास माना गया है ?**
(अ) भगवान विष्णु (ब) शिव जी
(स) माता पार्वती (द) गंधर्व।

**5. भविष्य पुराण के अनुसार गौमूत्र में साक्षात् किसका वास होता है?**
(अ) सरस्वती जी (ब) यमुना जी
(स) नर्मदा जी (द) गंगा जी।

**6. श्रीमद्भागवत के अनुसार नन्द बाबा के पास कुल कितनी गायें थीं ?**
(अ) 50 लाख (ब) 10 लाख
(स) 9 लाख (द) 1 करोड़।

**7. राजा दिलीप ने कुलगुरु वशिष्ठ के आश्रम में किस गौ माता की सेवा की थी ?**
(अ) नंदिनी (ब) सुरभि (स) कामधेनु (द) कपिला।

**8. महाभारत में भीष्म पितामह ने धर्मराज युधिष्ठिर को किस दान को सर्वश्रेष्ठ बताया है ?**
(अ) सुवर्ण दान (ब) भूमि दान
(स) गो दान (द) विद्या दान।

**9. महाराज जनक को किस छोटे से अपराध के कारण यमराज के दर्शन करने पड़े थे ?**
(अ) झूठ बोलने पर
(ब) चरती हुई गाय को डण्डा मारकर रोकने पर
(स) चोरी करने पर
(द) युद्ध से भागने पर।

**10. सत्यकाम जाबाल को 'ब्रह्मतत्व' का ज्ञान किस पशु के माध्यम से प्राप्त हुआ था ?**
(अ) अश्व (घोड़ा) (ब) गज (हाथी)
(स) मृग (हिरण) (द) वृषभ (साँड़)।

**11. पाण्डु पुत्र सहदेव ने राजा विराट के यहाँ किस नाम से गौशाला का कार्य संभाला था ?**
(अ) तन्तिपाल (ब) गोपाल
(स) पशुपाल (द) धर्मपाल।

**12. भगवान ऋषभदेव (प्रथम जैन तीर्थंकर) का लांछन (चिन्ह) क्या है ?**
(अ) सिंह (ब) वृषभ (बैल) (स) सर्प (द) कलश।

**13. गौतम बुद्ध के समय श्रावस्ती के अनाथपिण्डक ने कितनी गायें दान दी थीं ?**
(अ) 1000 (ब) 5000 (स) 500 (द) 10000.

**14. सिक्ख पंथ के किस गुरु ने कहा था– 'गौ गरीब की रक्षा ही मेरा मुख्य धर्म है' ?**
(अ) गुरु गोविन्द सिंह (ब) गुरु तेग बहादुर
(स) गुरु नानक देव (द) गुरु अर्जुन देव।

**15. चीनी यात्री ह्वेनसांग के अनुसार भारत में गौ–हत्या का क्या दण्ड था?**
(अ) निर्वासन (देश निकाला) (ब) जुर्माना
(स) कारावास (द) मृत्युदण्ड।

**16. महाराजा रणजीत सिंह ने शासन संभालते ही किस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया ?**
(अ) हथियार व्यापार (ब) अनाज निर्यात
(स) गौ हत्या (द) उपर्युक्त सभी।

**17. किस कश्मीरी सुल्तान ने 1420-1470 के बीच गौ–वध पर प्रतिबंध लगाया था ?**
(अ) सिकंदर शाह (ब) अकबर
(स) औरंगजेब (द) जैनुल आबेदीन।

**18. भारतीय देशी गायों का वैज्ञानिक नाम क्या है ?**
(अ) बॉस टॉरस (ब) बॉस इंडिकस
(स) बुबलस बुबलिस (द) गैलस गैलस।

**19. 'गिर' गाय का मूल स्थान गुजरात का कौन सा क्षेत्र है ?**
(अ) कच्छ (ब) काठियावाड़ (गिर वन)
(स) अहमदाबाद (द) सूरत।

**20. साहीवाल गाय मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है ?**
(अ) पंजाब, हरियाणा और राजस्थान (ब) केरल और कर्नाटक
(स) असम और बंगाल (द) गोवा।

**21. केरल की सबसे छोटे कद वाली औषधीय गौ नस्ल का नाम क्या है ?**
(अ) हरियाणा (ब) वेचूर (स) थारपारकर (द) राठी।

**22. थारपारकर गाय का रंग अत्यधिक गर्मी में कैसा हो जाता है ?**
(अ) काला (ब) चितकबरा (स) पूर्णतः सफेद (द) भूरा।

**23. छत्तीसगढ़ की राजकीय पंजीकृत (Registered) गौ नस्ल कौन सी है?**

(अ) कोसली (ब) मालवी (स) साहीवाल (द) गिर।

**24. कोसली गाय मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के किस जिले के आसपास पाई जाती है ?**

(अ) रायपुर और दुर्ग (ब) बस्तर
(स) सरगुजा (द) जशपुर।

**25. भारतीय गाय की पीठ पर जो ककुद (Hump) होता है, उसमें कौन सी नाड़ी होती है ?**

(अ) चंद्र नाड़ी (ब) ब्रह्म नाड़ी
(स) वायु नाड़ी (द) सूर्य केतु नाड़ी।

**26. देशी गाय के दूध में कौन सा विटामिन हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है ?**

(अ) विटामिन C (ब) विटामिन K
(स) विटामिन D (द) विटामिन B12.

**27. विदेशी गाय (A1 दूध वाली) के दूध में कौन सा हानिकारक पेप्टाइड पाया जाता है ?**

(अ) BCM-7 (ब) BCM-1 (स) BCM-10 (द) BCM-5.

**28. न्यूजीलैंड के प्रोफेसर डॉ. कीथ उडफोर्ड की प्रसिद्ध पुस्तक का नाम क्या है ?**

(अ) Milk is Life (ब) Cow Science
(स) Indian Agriculture (द) The Devil in the Milk.

**29. देशी गाय (A2) के दूध में प्रोटीन की कौन सी शृंखला पाई जाती है जो लाभदायक है ?**

(अ) हिस्टिडीन (ब) ग्लूटामिन (स) प्रोलाइन (द) आर्जिनिन।

**30 दूध का पीला रंग किस तत्व की उपस्थिति के कारण होता है जो कैंसररोधी है ?**

(अ) आयरन (ब) कैरोटीन (स) कैल्शियम (द) फॉस्फोरस।

**31. भैंस का दूध पाचन की दृष्टि से कैसा माना जाता है ?**

(अ) सुपाच्य (ब) हल्का (स) भारी (द) शीतल।

**32. पंचगव्य में निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ शामिल नहीं है ?**

(अ) गौ–घृत (ब) गौ–मूत्र
(स) गौ–दुग्ध (द) मधु (शहद)।

**33. गौमूत्र में पाया जाने वाला कौन सा तत्व शरीर की इम्युनिटी बढ़ाता है?**

(अ) यूरिया (ब) स्वर्ण क्षार (स) नमक (द) अमोनिया।

**34. आधा सीसी (माइग्रेन) और सिरदर्द के लिए कौन सी आयुर्वेदिक क्रिया लाभदायक है ?**

(अ) वमन (ब) विरेचन
(स) नस्य (नाक में घी डालना) (द) अभ्यंग।

**35. पेट के रोगों (कब्ज, गैस) के लिए तक्र से बनी कौन सी औषधि श्रेष्ठ है ?**

(अ) गौझरण अर्क (ब) गोमय भस्म
(स) घनवटी (द) तक्रासव।

**36. हृदय रोगों और कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए किसका सेवन लाभकारी है ?**

(अ) देशी गाय का बिलोना घी (ब) भैंस का घी
(स) वनस्पति तेल (द) मक्खन।

**37. गोबर की राख (गोमय भस्म) का मंजन किस रोग में उपयोगी है ?**

(अ) पायरिया (ब) खांसी (स) जुकाम (द) बुखार।

**38. यज्ञ अनुष्ठान से पूर्व देह–शुद्धि के लिए किसका प्राशन अनिवार्य है ?**

(अ) शरबत (ब) जल (स) पंचगव्य (द) काढ़ा।

**39. अग्निहोत्र हवन के लिए किस धातु के पात्र का उपयोग किया जाता है?**

(अ) स्टील (ब) एल्युमिनियम (स) लोहा (द) तांबा।

**40. गोबर के उपले जलाने से कौन सी गैस वातावरण को शुद्ध करती है ?**

(अ) मीथेन (ब) नाइट्रोजन
(स) फॉर्मेल्डिहाइड (द) क्लोरीन।

**41. जैविक खेती में बीज उपचार के लिए किसका उपयोग किया जाता है?**

(अ) बीजामृत (ब) यूरिया (स) डीएपी (द) कीटनाशक।

**42. 'जीवामृत' तैयार करने के लिए मुख्य घटक क्या है ?**

(अ) रासायनिक खाद (ब) गोबर और गौमूत्र
(स) केवल पानी (द) नमक।

**43. शहरी क्षेत्रों में ताजी सब्जियाँ उगाने के लिए कौन सी पद्धति अपनाई जाती है ?**

(अ) शाक वाटिका (Kitchen Garden)
(ब) झूम खेती
(स) सघन खेती
(द) शुष्क खेती (Dry Farming)।

**44. परमाणु विकिरण से बचने के लिए दीवारों पर किसका लेप प्रभावी माना गया है ?**

(अ) सीमेंट (ब) गाय का गोबर
(स) पेंट (द) चूना।

**45. गौ–काष्ठ के उपयोग से क्या लाभ होता है ?**

(अ) अधिक धुआँ (ब) सस्ता ईंधन
(स) पेड़ों की कटाई में कमी (द) (ब) और (स) दोनों।

**46. गोबर से बने इको–फ्रेंडली पेंट का मुख्य गुण क्या है ?**

(अ) यह एंटी–बैक्टीरियल है
(ब) यह बहुत महँगा है
(स) यह केवल बाहर उपयोग होता है
(द) इसमें प्लास्टिक होता है।

**47. गाय के गोबर से बनी घड़ियों और टाइल्स का निर्माण किस संस्थान द्वारा प्रोत्साहित किया गया है ?**

(अ) इसरो (ब) रेल मंत्रालय
(स) खेल मंत्रालय (द) खादी ग्रामोद्योग आयोग (KVIC).

**48. प्राचीन काल में राजा नृग ने कितनी गायें दान की थीं ?**

(अ) 10 हजार (ब) 5 लाख (स) 1 करोड़ (द) 50 हजार।

**49. युधिष्ठिर–यक्ष संवाद में 'अमृत' किसे कहा गया है ?**

(अ) गवां दुग्धम् (गाय का दूध) (ब) गंगा जल
(स) शहद (द) फलों का रस।

**50. मृत गौवंश के शरीर से प्राप्त चमड़े के स्थान पर क्या बनाना अधिक सम्मानजनक है ?**

(अ) जूते (ब) बैग
(स) खाद और जैविक उत्पाद (द) बेल्ट।

**51. भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसका बहिष्कार करना चाहिए ?**

(अ) विदेशी रासायनिक खाद एवं कीटनाशक
(ब) ट्रैक्टर
(स) सिंचाई
(द) बीज।

52. गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कौन सा उत्पाद सबसे लाभकारी है ?
(अ) केवल दूध (ब) केवल बछड़े
(स) पंचगव्य उत्पाद (द) इनमें से कोई नहीं।

53. वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए घर में क्या करना चाहिए ?
(अ) पंखा चलाना (ब) अग्निहोत्र हवन
(स) परफ्यूम छिड़कना (द) खिड़की बंद रखना।

54. किस फसल के लिए गौमूत्र उत्तम नाइट्रोजन स्रोत है ?
(अ) केवल धान (ब) केवल गेहूँ
(स) केवल चना (द) सभी फसलें।

55. 'घनजीवामृत' क्या है ?
(अ) तरल खाद (ब) सूखी जैविक खाद
(स) कीटनाशक (द) बीज।

56. मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में कौन सा जीव सबसे सहायक है ?
(अ) केंचुआ (ब) चूहा (स) साँप (द) टिड्डी।

57. सामाजिक समरसता का विचार गौ–सेवा से कैसे बढ़ता है ?
(अ) भेदभाव मिटाकर सेवा करने से (ब) केवल अमीरों की सेवा से
(स) राजनीति से (द) व्यापार से।

58. अथर्ववेद के अनुसार गाय को किसका भंडार माना गया है ?
(अ) जल (ब) अनाज (स) शत्रु (द) संपत्ति।

59. दही का सेवन किस समय वर्जित माना गया है ?
(अ) दोपहर (ब) रात्रि (स) सुबह (द) नाश्ता।

60. छाछ में कौन सा तत्व पाचन सुधारता है ?
(अ) केवल वसा
(ब) लैक्टिक एसिड और प्रोबायोटिक्स
(स) केवल चीनी
(द) अल्कोहल।

61. देशी गाय के घी को धूप में रखने से कौन सा विटामिन बढ़ता है ?
(अ) विटामिन D (ब) विटामिन A
(स) विटामिन C (द) विटामिन E।

62. अकबर के दरबार में किस मंत्री ने गौ–संरक्षण का समर्थन किया था?
(अ) टोडरमल (ब) बीरबल (स) मानसिंह (द) अबुल फजल।

63. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का एक प्रमुख कारण क्या था ?
(अ) नमक कर
(ब) कारतूसों में गाय और सुअर की चर्बी
(स) लगान बढ़ना
(द) भाषा विवाद।

64. गांधीजी के अनुसार गौ–रक्षा का प्रश्न किससे भी बड़ा था?
(अ) शिक्षा (ब) यातायात (स) उद्योग (द) स्वराज्य।

65. छत्तीसगढ़ के किस जिले में पहली गौ–अभयारण्य की स्थापना की चर्चा है ?
(अ) बेमेतरा (ब) बस्तर (स) मुंगेली (द) कोरिया।

66. वर्मी कम्पोस्ट के लिए गोबर के साथ किसका प्रयोग होता है ?
(अ) रेत (ब) केंचुआ (स) प्लास्टिक (द) लोहा।

67. गौ–मूत्र अर्क का उपयोग किस गंभीर बीमारी के सहायक उपचार में होता है ?
(अ) जुकाम (ब) कैंसर (स) मोतियाबिंद (द) खुजली।

68. गोबर से बनी लकड़ियों को क्या कहा जाता है ?
(अ) वन–काष्ठ (ब) ईंट (स) गो–काष्ठ (द) कोयला।

69. पर्यावरण बचाने के लिए 3R सिद्धांत क्या है ?
(अ) Reduce, Reuse, Recycle (ब) Read, Remember, Run
(स) Rise, Roar, Race (द) Eat, Sleep, Repeat.

70. किस पशु के दूध में स्वर्ण क्षार पाए जाते हैं ?
(अ) भैंस (ब) भारतीय देशी गाय
(स) बकरी (द) ऊँट।

71. नस्य क्रिया के लिए सबसे उपयुक्त समय कौन सा है ?
(अ) प्रातः काल खाली पेट (ब) आधी रात
(स) भोजन के तुरंत बाद (द) सोते समय।

72. गाय के शरीर के किस अंग में हनुमान जी (पवन देव) का वास माना गया है ?
(अ) मुख (ब) कान (स) पेट (द) पूँछ।

73. किस वेद में गायों की सर्वाधिक प्रशंसा मिलती है ?
(अ) सामवेद (ब) यजुर्वेद
(स) अथर्ववेद (द) ऋग्वेद।

74. गौ–आधारित खेती को और किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) शून्य लागत प्राकृतिक खेती (ब) रासायनिक खेती
(स) औद्योगिक खेती (द) मशीनी खेती।

75. ब्रह्म मुहूर्त में गौ–दर्शन से क्या लाभ होता है ?
(अ) केवल धन (ब) मानसिक शांति और सात्विकता
(स) नींद (द) भय।

76. देशी गाय की औसत आयु लगभग कितनी होती है ?
(अ) 5-10 वर्ष (ब) 20-25 वर्ष
(स) 50 वर्ष (द) 2 वर्ष।

77. छत्तीसगढ़ में हरेली पर्व पर किसकी पूजा होती है ?
(अ) मशीनें (ब) कृषि उपकरण और गौवंश
(स) खिलौने (द) पेड़।

78. गोबर से बनी अगरबत्ती का मुख्य लाभ क्या है ?
(अ) हवा शुद्ध करना व मच्छर भगाना (ब) कोई लाभ नहीं
(स) प्रदूषण बढ़ाना (द) आँखों में जलन।

79. जल संरक्षण के लिए खेतों में क्या बनाना चाहिए ?
(अ) मेड़बन्दी व छोटे तालाब (ब) दीवार
(स) पक्की सड़क (द) ऊँची इमारत।

80. गौ–विज्ञान के अध्ययन से क्या प्रेरणा मिलती है ?
(अ) पशु–क्रूरता (ब) प्रकृति व संस्कृति संरक्षण
(स) केवल व्यापार (द) आलस्य।

81. देशी गाय के घी का गलनांक शरीर के तापमान के अनुसार कैसा होता है ?
(अ) बहुत अधिक (ब) अनुकूल (सुपाच्य)
(स) जमने वाला (द) बहुत कम।

82. भगवान राम ने अश्वमेध यज्ञ में कितनी गायें दान की थीं ?
(अ) करोड़ों (ब) 1 लाख
(स) शून्य (द) 100.

83. विश्व की सबसे भारी गौ नस्ल कौन सी है ?
(अ) कांकरेज (ब) साहीवाल
(स) वेचूर (द) राठी।

**84. कांकरेज गाय की चाल को क्या कहा जाता है ?**
(अ) हिरण चाल (ब) सवाई चाल
(स) मयूर चाल (द) गज चाल।

**85. गोबर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में होता है ?**
(अ) विटामिन B12 (ब) विटामिन C
(स) विटामिन A (द) विटामिन K।

**86. किस धर्म में नंदी को भगवान शिव का वाहन माना गया है ?**
(अ) इस्लाम (ब) ईसाई (स) बौद्ध (द) हिंदू।

**87. गौ–सेवा करने से व्यक्ति के आभामंडल पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**
(अ) सकारात्मक व ऊर्जावान (ब) घटता है
(स) काला होता है (द) कोई प्रभाव नहीं।

**88. गाय के पास बैठने से कौन सी मानसिक समस्या कम हो सकती है?**
(अ) तनाव व डिप्रेशन (ब) भूख न लगना
(स) याददाश्त बढ़ना (द) इनमें से कोई नहीं।

**89. गोबर से बने टाइल्स का मुख्य लाभ क्या है ?**
(अ) थर्मल इंसुलेशन (ब) कमरा गर्म करना
(स) बिजली बचाना (अ) (अ) और (स) दोनों।

**90. गौ–झरण अर्क का स्वाद कैसा होता है ?**
(अ) मीठा (ब) तीखा/कसैला
(स) खट्टा (द) कोई स्वाद नहीं।

**91. महाभारत युद्ध में अर्जुन के रथध्वज पर किसका चित्र था ?**
(अ) हनुमान जी (ब) वृषभ
(स) सिंह (द) गरुड़।

**92. किस पशु के गोबर से कागज बनाया जा सकता है ?**
(अ) हाथी (ब) घोड़ा
(स) गाय (द) (अ) और (स) दोनों।

**93. देशी गाय का दूध पीने से बच्चों की बुद्धि पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**
(अ) मंद होती है (ब) कुशाग्र होती है
(स) कोई प्रभाव नहीं (द) चिड़चिड़ापन।

**94. गौमूत्र में कौन सा तत्व कैंसर की कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है?**
(अ) अमोनिया
(ब) चीनी
(स) करक्यूमिन के समान प्रभाव वाले तत्व
(द) नमक।

**95. दूध निकालने से पहले बछड़े को दूध पिलाना क्या कहलाता है ?**
(अ) स्नेह (ब) दोहन संस्कार (स) चोरी (द) व्यापार।

**96. भारत में श्वेत क्रांति के दौरान किस विदेशी नस्ल को बढ़ावा दिया गया जो बाद में हानिकारक सिद्ध हुई ?**
(अ) गिर (ब) साहीवाल
(स) थारपारकर (द) जर्सी और एच.एफ. (HF)

**97. पंचगव्य आयुर्वेद के अनुसार 'त्रिदोष' (वात, पित्त, कफ) को क्या करता है ?**
(अ) संतुलित करता है (ब) बढ़ाता है
(स) नष्ट करता है (द) असंतुलित करता है।

**98. गौशालाओं में गायों को क्या सुनाने से दूध उत्पादन और उनका स्वास्थ्य बेहतर होता है ?**
(अ) शोर (ब) तेज आवाज
(स) शास्त्रीय संगीत/भजन (द) मशीनों की आवाज।

**99. आत्मनिर्भर भारत के लिए 'ग्रामोदय' का आधार क्या है ?**
(अ) केवल शहर जाना
(ब) बड़ी फैक्ट्रियाँ
(स) रसायनों का आयात
(द) गौ–आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था।

**100. गौ–रक्षा का अर्थ केवल पशु बचाना नहीं बल्कि क्या बचाना है ?**
(अ) केवल पैसा
(ब) मानवता, संस्कृति और पर्यावरण
(स) गाड़ियाँ
(द) मोबाइल।

●●

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/